झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची (झारखंड)

द्वितीय सावधिक परीक्षा (2021- 2022)

मॉडल प्रश्न-पत्र **सेट-2**

कक्षा-10	विषय- हिंदी 'ए'	समय-1 घंटा 30 मिनट	पूर्णांक-40

सामान्य निर्देश :-

- **परीक्षार्थी यथासंभव अपनी ही भाषा-शैली में उत्तर दें।**
- **इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं। सभी खंड के प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।**
- **सभी प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सामने उपांत में अंकित है।**
- **प्रश्नों के उत्तर उसके साथ दिए निर्देशों के आलोक में ही लिखें।**
- **2 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों में, 3 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 शब्दों में, 5 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखें।**

खण्ड - क (अपठित बोध)

निम्नलिखित काव्यांश को धयानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें - 2 × 3 = 6

चौपाल के चबूतरे पर
पहले एक पेड़ था
एक हुक्का था
दसियों लोग थे
गप्पे हाँकते थे
हो-हो करके हँसते थे
पेड़ जीवित था।
कबूतर भी
उनकी हाँ में हाँ मिलाकर
गुटरगूँ करते थे

दसियों का चेहरा एक था
पेड़ की डालें कट गई
कबूतर उड़ गए
दस हुक्के हो गए
आवाजें सिमटकर चिलम की तरह बुझ गई।
अब कोई चेहरा
स्पष्ट नजर नहीं आता
पेड़ मर गया
सब कुछ बिखर गया
कबूतर कहाँ गए, क्या पता?

प्रश्न-1. चौपाल का जीवन किस प्रकार का हुआ करता था?
प्रश्न-2. पेड़ कटने का क्या दुष्परिणाम हुआ?
प्रश्न-3. उपर्युक्त काव्यांश का एक शीर्षक लिखें?

खण्ड - ख(व्याकरण)

निर्देशानुसार उत्तर दें : 2 × 2 = 4

प्रश्न-4. विस्मयादिबोधक अव्यय की परिभाषा उदाहरण सहित लिखें।

अथवा

रिक्त स्थान की पूर्ति अव्यय पद से करें -

(क)हवा .....बह रही है।

(ख) अच्छे चरित्र .....जीवन निरर्थक है।

प्रश्न-5. द्विगु समास की परिभाषा उदाहरण सहित लिखें।

अथवा

'दाल-रोटी' का समास विग्रह करें और समास का नाम लिखें।

खण्ड - ग(पाठ्य-पुस्तक)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×5=15

प्रश्न-6. कवि ने कठिन यथार्थ के पूजन की बात क्यों कही है?

अथवा

भाव स्पष्ट करें - 'प्रभुता का शरण - बिंब केवल मृगतृष्णा है
हर चन्द्रिका में छिपी एक रात कृष्णा है'

प्रश्न-7. कन्यादान कविता के आधार पर बताइए कि माँ ने ऐसा क्यों कहा कि लड़की होना पर लड़की जैसी मत दिखाई देना।

प्रश्न-8. पाठ में आए उन प्रसंगों का उल्लेख करें जिनसे फादर बुल्के का हिन्दी प्रेम प्रकट होता है?

प्रश्न-9. लेखिका मन्नू भंडारी की अपने पिता से वैचारिक टकराहट को अपने शब्दों में लिखें।

अथवा

पाठ में आए किन प्रसंगों के आधार पर आप कह सकते हैं कि बिस्मिल्ला खां मिली-जुली संस्कृति के प्रतीक थे ?

प्रश्न-10. जॉर्ज पंचम की लाट की नाक को पुनः लगाने के लिए मूर्तिकार ने क्या - क्या यत्न किए?

खण्ड - घ (रचना)

प्रश्न-11. अपने भाई के विवाह में शामिल होने के लिए मित्र को एक पत्र लिखें। 1×5=5

अथवा

अपने विद्यालय में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखें।

प्रश्न-12. दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर निबंध लिखें। 1×5=5

(क). कम्प्यूटर - आज की जरुरत (संकेत बिंदु- भूमिका,आधुनिक,उपकरण,निर्दोष - गणक, दुष्परिणाम,उपाय)

(ख). पर्यावरण प्रदूषण-कारण और निवारण (संकेत बिंदु- भूमिका, प्रदूषण का अर्थ, कारण, दुष्परिणाम, उपाय)

प्रश्न-13. हर्बल टूथपेस्ट के लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें। 1×5=5

****